कार्यालय कुलपति

गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय, पन्तनगर

दिनांक : 25-04-2020

पत्रांक : कु०का०/ मैनो

अपील

कोरोना वैश्विक महामारी (COVID-19) के कारण सरकार को आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता के दृष्टिगत मुख्य मंत्री राहत कोष में विश्वविद्यालय की ओर से वित्तीय सहयोग दिये जाने के क्रम में विश्वविद्यालय स्तर के सभी वेतन भोगी कर्मिकों से निम्नवत् अपील है–

बिन्दु संख्या 01– विश्वविद्यालय के समस्त वेतन भोगी कार्मिकों के माह अप्रैल, 2020 के सकल वेतन से कटौती किये जाने की अपेक्षा की जाती है। **श्रेणी 'क' एवं 'ख' के कार्मिकों के दो दिन के सकल वेतन, श्रेणी 'ग' एवं 'घ' के कार्मिकों से 01 दिन के सकल वेतन से की गई कटौती** की धनराशि को मुख्य मंत्री राहत कोष में सहयोग राशि के रूप में जमा करवाया जायेगा। यदि कोई कार्मिक उक्त योगदान में अपना अंश जमा नहीं करवाना चाहता है तो दिनांक 28-04-2020 तक अपने वेतन आहरण अधिकारी को लिखित रूप में सूचित कर सकता है।

बिन्दु संख्या 02– कोरोना वैश्विक महामारी (COVID-19) के कारण सरकार को आर्थिक संसाधनों की आवश्यकता के दृष्टिगत विश्वविद्यालय का कोई कर्मिक उपर्युक्त बिन्दु सख्या 01 में वर्णित व्यवस्था से इतर, अधिक योगदान देना चाहता है तो सम्बन्धित कार्मिक अपने स्तर से मुख्य मंत्री राहत कोष/पी०एम० केयर फंड में सहयोग राशि जमा करा सकता है।

कुलपति

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से अधीनस्थ कर्मिकों को भी अवगत करा दें–

1. समस्त अधिष्ठाता/निदेशक/विभागाध्यक्ष।
2. नियंत्रक
3. विश्वविद्यालय, फार्म
4. प्रभारी अधिकारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रकाशित किये जाने हेतु।

कुलपति